तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 आप स्वस्थ रहेंगे तभी नागरिकों की सेवा व ...



10 दो माह बाद भी एनजेसीएस समझौता पर अमल नहीं...



## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## खबर संक्षेप

### 36 चालकों से वसूला 11 हजार का जुर्माना

**बेमेतरा।** जिले के पुलिस थाना क्षेत्रों में अवैध कार्यो सहित यातायात नियमों का उल्लंघन, माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कारवाई पुलिस महकमा लगातार कर रही है। इसी क्रम में रविवार को जिले में 36 वाहन चालक के विरूद्ध यातायात के नियमों का उल्लघंन करने पर 10 हजार 800 रूपये जुर्माना वसूला गया। वहीं जिले के विभिन्न थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए 6 व्यक्ति के खिलाफ धारा 107,116 (3),151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।पुलिस टीम ने थाना बेमेतरा, बेरला एवं साजा में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 04 आरोपियों के विरूद्ध धारा 36(च) एवं धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कारवाई की है।

### पुलिस ने स्कूटी सवार की बचाई जान

**बालोद।** बालोद–धमतरी मुख्य मार्ग 930 स्थित ग्राम जगतरा में स्कूटी सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसके बाद पुलिस आरक्षकों ने घायल युवक को इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। सोमवार दोपहर लगभग 3 बजे नारागांव निवासी राधे ओटी 32 वर्ष बालोद शो रूम से वापस अपने घर जा रहा था, तभी अचानक स्कूटी क्रमांक सीजी 24 पी 6335 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया। वहीं स्कूटी सवार राधे ओटी बेहोश हालात में सड़क किनारे पड़ा हुआ था, जिसे बालोद कोतवाली के आरक्षकों के द्वारा जिला हॉस्पिटल बालोद पहुंचाकर भर्ती कराया गया, जहां घायल का इलाज जारी है।

### एसडीएम ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**बालोद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों के मद्देनजर एसडीएम सुरेश साहू ने रविवार को गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के संगवारी, युवा एवं दिव्यांग मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से मतदान केन्द्रों में छाया, शुद्ध पेयजल, रैम्प आदि के संबंध में जानकारी ली।

## बदलाव : आबकारी विभाग ने शराब बिक्री को लेकर जारी किया नया नियम

# अब दुकानों में एक बार में सिर्फ 4 पौवा दो अद्धी या एक बोतल शराब ही मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आबकारी विभाग ने शराब बिक्री को लेकर नया नियम बनाया है। अब दुकान से एक व्यक्ति को एक बार में सिर्फ एक बोतल ही शराब दी जाएगी। हालांकि आधे लीटर की 2 या फिर पाव वाली 4 बोतल ली जा सकेगी। यही नियम बियर के लिए भी लागू होगा। वहीं, एक व्यक्ति एक साथ तीन लीटर से ज्यादा शराब अपने पास नहीं रख सकेगा। आबकारी विभाग के मुताबिक या नया नियम शराब के अवैध स्टोरेज और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए बनाया गया है।

■ एक व्यक्ति एक साथ तीन लीटर से ज्यादा शराब नहीं रख सकेगा अपने पास

गौरतलब हो कि पहले शराब दुकान के काउंटर से एक व्यक्ति को 4 बोतल शराब खरीदने की अनुमति थी, लेकिन अब यह नियम बदल गया है, अब प्रदेश के देसी व अंग्रेजी शराब दुकान में एक ही बोतल मिलेगी। हालांकि शराब प्रेमी अलग-अलग दुकान जाकर शराब खरीद सकते हैं या फिर एक ही दुकान से अलग-अलग समय में एक-एक बोतल ले सकते हैं। छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग के इस नए नियम से शराब दुकान के काउंटर से एक व्यक्ति एक बार में शराब या बियर की एक बोतल ही खरीद पाएगा। दूसरी बोतल खरीदने के लिए उसे दूसरी दुकान जाना होगा या फिर करीब एक-दो घंटे बाद वह उसी दुकान में जाकर शराब ले पाएगा।अधिकारियों के अनुसार शराब दुकानों की तुलना में देसी शराब दुकानों में ज्यादा भीड़ होती है, इसलिए अभी पव्वा खरीदने वालों को राहत दी गई है। दुकान से प्रति व्यक्ति एक बार में दो अद्धी या चार पौवा भी खरीद सकता है।

### शराब की अवैध बिक्री बढ़ने की आशंका




हालांकि नए आदेश में शराब की बोतल रखने के नियम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एक व्यक्ति तीन लीटर तक शराब रख सकता है लेकिन 3 लीटर शराब खरीदने के लिए उसे अलग-अलग समय में शराब दुकान के काउंटर में जाना होगा या फिर दूसरे शराब दुकान से लेना होगा। इस बारे में हालांकि कहा जा रहा है कि आबकारी विभाग के इस फैसले से शराब में कालाबाजारी बहुत बढ़ेगी। दूसरी ओर विभाग के अधिकारियों का यह मानना है कि कोचिए एक साथ कई बोतल शराब ले लेते हैं और इकट्ठा कर ज्यादा कीमतों पर बेचते थे इस कारण या फैसला किया गया है। परंतु आशंका इस बात की भी है कि इससे सरकार को राजस्व का बड़ा नुकसान होगा। सभी कंपनियां दो नंबर की शराब खपत में जुट जाएंगी ओर शराब की अवैध बिक्री में जबरदस्त इजाफा होगा। खासकर बॉर्डर वाले इलाकों से अवैध शराब की तस्करी होने की आशंका भी जताई जा रही है।

### शराब दुकानों में बढ़ेगी भीड़

दुकान में शराब बिक्री के नए नियम से शराब दुकानों में पहले से और ज्यादा भीड़ बढ़ सकती है। इससे खरीदारों की परेशानी भी बढ़ेगी। प्रति व्यक्ति एक समय पर एक बोतल शराब मिलने से दुकान में कई खरीदार बार-बार दुकान में लाइन लगाकर शराब की बोतल लेंगे। खासकर बियर के शौकीन लोगों की ज्यादा भीड़ रहेगी ,क्योंकि बियर पीने वालों में कई लोग ऐसे हैं जो 1 से ज्यादा बीयर पीते हैं। इसके लिए उन्हें अब कई बार लाइन में लगकर खरीदना पड़ेगा। इससे दुकानों में भीड़ और ज्यादा बढ़ेगी। ध्यान रहे की हाल ही में सरकार ने शराब की कीमतों में भी इजाफा किया है। इसके कारण ब्रांडेड व नान ब्रांडेड शराब की कीमत करीब 25 फीसदी तक बढ़ा दी गई है।

# ईवीएम का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का पहला रेंडमाइजेशन सोमवार को संयुक्त कलेक्टोरेट भवन के दिशा सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी गुड्डूलाल जगत, एसडीएम धनिराम रात्रे,, साजा, घनश्याम तंवर,बेमेतरा, पिंकी मनहर बेरला सहित संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डाक मतपत्र दिव्या पोटाई उपस्थित थे। ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ कलेक्टोरेट परिसर में रेंडमाइजेशन के दौरान राजनीतिक

### सी-विजिल एप पर कर सकते हैं शिकायत

इस मौके पर कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि किसी प्रत्याशी व राजनीतिक दल के संबंध में आदर्श चुनाव आचार संहिता से संबंधित कोई शिकायत है, तो वह सी-विजिल एप पर की जा सकती है। इस ऐप पर शिकायत आने के बाद 100 मिनट के अंदर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाती है। श्री रोहित चंद्रवंशी सी-विजिल एप संबंधी प्रक्रिया की जानकारी दी। वही डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डाक मतपत्र श्रीमती पोटाई ने डाकमत पत्र के पात्र मतदाताओं और डाक मतपत्र,सुविधा केंद्र और तिथि से अवगत कराया।

# आत्मानंद स्कूल का वार्षिक परिणाम रहा शत-प्रतिशत




**नवागढ़।** सोमवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय नवागढ़ में कक्षा 1 से 9 एवं 11वीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। रिजल्ट में विद्यार्थियों का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा। जिससे अभिभावकगण एवं बच्चे परिणाम से बहुत खुश थे। स्कूल के प्राचार्य आरपी कुर्रे एवं परीक्षा संचालक जय कुमार ने बच्चों को शुभकामनाएं दी औऱ उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे की कक्षाओं में खूब मेहनत और निरंतर प्रयास करने को कहा। परीक्षाफल में पहली में कुमुद जैन 99 प्रतिशत, दूसरी में अराध्या जगत 99.6 प्रतिशत, कक्षा-तीसरी में गौरव कुर्रे 95.5 प्रतिशत, कक्षा-चौथी में दामिनी साहू 97.7 प्रतिशत ,कक्षा-पांचवी में उज्जवल सिंह राजपूत और नमन निषाद 96. 71 प्रतिशत, कक्षा छठवीं में कावेरी कुलकर्णी 90.98 प्रतिशत, कक्षा- सातवीं में राखी पाल 95. 3 प्रतिशत, कक्षा- आठवीं में साक्षी साहू 89.6 प्रतिशत, कक्षा 9वीं में वर्षा जांगड़े 96 प्रतिशत और कक्षा ग्यारहवीं गणित में दीपेश चतुर्वेदी 78.6 प्रतिशत, कॉमर्स में पायल कुर्रे 88 प्रतिशत, बायो में चिरंजीवी व रागिनी राजपूत 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पर रहे।

# हिन्दू नववर्ष के अवसर पर आज निकलेगी विशाल शोभायात्रा

## रात में होगी आरु साहू की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा/थानखम्हरिया



नगर में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल हिन्दू नववर्ष उत्सव का आयोजन भारत माता मंच थानखम्हरिया द्वारा आज मंगलवार 9 अप्रैल को किया जा रहा है। जिसमें प्रातः 9 बजे से बाइक रैली, शाम 4 बजे से शोभायात्रा व रात्रि 8 बजे से माता का जगराता कार्यक्रम रखा गया है। उक्त भव्य आयोजन के अंतर्गत डीजे, धुमाल, शौर्य प्रदर्शन, विभिन्न झांकी व आकर्षक आतिशबाजी इत्यादि के साथ पूरे नगर में भारत माता व भगवान श्रीराम की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग व सभी चौक-चौराहों से निकाली जाएगी।

रात्रि 8 बजे से कन्या विद्यालय मैदान स्थित मंच पर भारत माता की भव्य आरती व छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध गायिका आरु साहू द्वारा देशभक्ति व मां दुर्गा की आराधना से ओतप्रोत जगराता की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजक समिति भारत माता मंच के सदस्यों ने नगर व क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है ।

आयोजन की विभिन्न तैयारियों हेतु अनीश अग्रवाल, विकास सिंघानिया, कौशल सिन्हा, मनीष दुबे, सान्याल भारती, सुरेश सिन्हा, सुमित सिन्हा, मुकेश मंडावी, कृष्णा निषाद, आलोक यादव, आयुष अग्रवाल, अमन सोनी, गौरव सिन्हा, शुभम परमार, योगेश साहू, सुनील साहू, लोकेश सिन्हा, राजा देवांगन, मनीष सेन आदि शामिल हैं।

# चुनाव आयोग के मंशानुरूप हो सभी तैयारी पूरी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में होने वाले मतगणना स्थल स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का बाहरी निरीक्षण किया। इस दौरान राजनीतिक दल के प्रतिनिधि,जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डु लाल जगत, अपर कलेक्टर एवं स्ट्रांग रूम प्रभारी डा. अनिल वाजपेयी, सर्व एसडीएम सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना इसी स्थल पर होगी। कलेक्टर श्री शर्मा ने चुनाव आयोग द्वारा जारी चेकलिस्ट के अनुरूप तमाम तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा है। उन्होंने स्ट्रांग रूम के बाहर परिसर एवं मतगणना कक्ष की समय सीमा में साफ सफाई और व्यवस्थित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए । जिले की सभी तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना अलग-अलग हॉल चिन्हांकित किए गए है। परिसर में ही स्ट्रांग रूम की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच मशीने सीलबंद कमरे में सुरक्षित रहेंगी। रूम के अंदर एवं बाहर दोनों जगहों पर अग्निशमन व्यवस्था होगी। राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने भी अवलोकन किया। परिसर में विभिन्न हिस्सों में सीसीटीव्ही स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जायेगी। बिजली विभाग को आपात जरूरत को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त रूप से जनरेटर रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने परिसर में प्रस्तावित ऑब्जर्वर कक्ष, डीईओ कक्ष, नियंत्रण कक्ष, मीडिया सेन्टर, पार्किंग, केन्टीन आदि व्यवस्था के लिए निरीक्षण कर स्थल चिन्हांकित किया एवं तैयारी जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

■ राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार दुर्ग संभाग में तीसरे चरण मतदान संपन्न होगा जिसमें बेमेतरा जिले में 7 मई को मतदान संपन्न होने के बाद इव्हीएम मशीनें इसी स्थल पर रखी जायेंगी एवं 4 जून को मतों की गणना यहां की जायेगी।

### 4 जुआरी से 1630 रुपए जब्त

**बेमेतरा।** पुलिस चौकी संबलपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बेलटुकरी के आम जगह में दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे 4 जुआरी को पुलिस ने पकड़ा। इनके पास से नगद राशि 1630 रूपये एवं ताशपत्ती जब्त कर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम बेलटुकरी में दबिश दी। यहां खुलेआम जुआ खेल रहे धनसिंह वर्मा 32 वर्ष, धनसिंह बांधे 24 वर्ष, दुकालु वर्मा 21 वर्ष, एवन चतुर्वेदी 28 वर्ष ग्राम बेलटुकरी को पकड़कर 1630 रुपए आदि बरामद कर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# नेशनल लोक अदालत 11 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला सत्र न्यायाधीश वृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में पैरालीगल वालंटियर्स सोनिया राजपूत, चेतन सिंह, टुवेन्द्र सिंह वर्मा, देवेन्द्र कुमार यादव, पवन कुमार, साहू, पंकज घृतलहरे, चंद्रकिशोर राजपूत, स्वाति कुंजाम ने जिला न्यायालय परिसर, जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर, जिला चिकित्सालय, सिग्नल चौक बेमेतरा, नवागढ़ चौक, एस बी आई एटीएम बेमेतरा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बेमेतरा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बालसमुंद में बैनर लगाकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

इस अवसर पर आमजनों को नेशनल लोक अदालत के महत्व के बारे में बताया गया। इसके साथ ही ग्राम जोगीदीप (केशला) मेला कार्यक्रम व मानपुर, ईट भट्ठी बिलई, पंडरभट्ठा, मजगांव तथा ग्राम चारभाठा ढोलिया में नेशनल लोक अदालत के बारे में पक्षकारों को एवं आमजन को जागरूक किया।

■ विधिक जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को दी जा रही जानकारी

इस मौके पर बताया गया कि यदि किसी भी व्यक्ति के या उनके किसी मित्र, परिजन का कोई राजीनामा योग्य मामला न्यायालय में लंबित हो तो संबंधित न्यायालय में अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर ऐसे मामलों को उभय पक्ष की सहमति से राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत में निराकृत कर सकते हैं। लोक अदालत में निराकृत मामलों के निर्णय अंतिम होते है, उसकी कोई अपील नहीं होती है। न्याय शुल्क यदि लगा हो तो न्यायालय द्वारा उसे वापस प्रदान करने का आदेश दिया जाता है। राजीनामा के आधार पर निराकृत मामलों में उभय पक्ष के मध्य सद्भाव व प्रेम बना रहता है। उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित प्रकरणों, धारा 138, पारकम्य लिखित अधिनियम प्रकरण, जलकर, बिजली बिल चकाया प्रकरण, सिविल, दाण्डिक, घरेलू हिंसा, परिवार न्यायालय के प्रकरण का निराकरण कराया जा सकता है।

## कुलपति शामिल हुई मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में

# चुनाव से हमें सही प्रतिनिधि चुनने का मिलता है अवसर : डॉ. पल्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदाताओं को जागरुक करने शासकीय पं.जवाहर लाल नेहरु कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शहीद दिवस की श्रृंखला में सोमवार को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सभी पात्र मतदाता मतदान अवश्य करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि गांव में लोग मतदान को त्यौहार की तरह मनाते है। यह भी एक तरह का राष्ट्रीय पर्व है। हमें अपना सही प्रतिनिधि चयन करने का मत के ज़रिए अधिकारी दिया गया है। हमें इस का पूरा लाभ उठाना चाहिए। मतदान के प्रति मतदाताओं में जागरूकता कम दिखाई देने पर भारत सरकार निर्वाचन आयोग द्वारा 2009 में स्वीप कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। डा. पल्टा ने बताया कि नए मतदाताओं को जागरुक करने के लिए हैलो वोटर्स के नाम से एक वेब रेडियो भी भारत निर्वाचन आयोग ने शुरू किया है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया कि सभी अपने मोबाइल में हैलो वोटर्स एप डाउनलोड करें। कोई भी मतदाता लिंक पर क्लिक कर निर्वाचन से जुड़ी तमाम तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी का संदेश, चुनाव की कहानियां, उत्साहवर्धक गीत, लोकतंत्र एक्सप्रेस, हम किसी से कम नहीं, मतदान में विश्वास, एक भी वोटर छूटे ना, रेडियो ट्रेवलॉग, मस्ती-दोस्ती मतदान, मत एवं मतदान जैसे कई कार्यक्रम 24 घंटे संचालित होते हैं और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। ज्ञात हो कि 6 और 7 अप्रैल स्वच्छता कार्यक्रम एवं मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। 6 अप्रैल को भाषण/निबंध, वाद-विवाद, स्वच्छता पर लघु विडियो प्रदर्शन एवं चर्चा, क्विज प्रतियोगिता, रैली, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। 07 अप्रैल को पोस्टर, बैनर, स्लोगन, गोद ग्राम - कोबिया ▶▶ शेष पेज 11 पर

हरिभूमि पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# स्मोकिंग जोन: युवाओं की दिशा व मार्केट की दशा बिगाड़ने वाली दुकानों पर लगा ताला

## विभिन्न कालेज, कोचिंग के स्टूडेंट्स की यहां महफ़िल लगने की शिकायतें थीं, विधायक रिकेश के निर्देश बाद कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई




वैशाली नगर विधानसभा के नेहरू नगर, सुपेला में ब्रेकफास्ट सेंटर, छोटे रेस्टोरेंट और बेटल शॉप का गुमास्ता लायसेंस लेकर स्मोकिंग जोन की आड़ में अन्य खतरनाक फ्लेवर्स का नशा मुहैया कराने वाली सभी दुकानें तत्काल बंद करने विधायक रिकेश सेन के निर्देश बाद ऐसे चिन्हित प्रतिष्ठानों पर ताला लगना शुरू हो गया है। विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा में कई वर्षों से संचालित ऐसे स्मोकिंग जोन की सूची बना इनका गुमास्ता कैंसल करने निगम प्रशासन को कहा था नतीजतन मार्केट व्यवसायियों की शिकायत बाद ऐसे चिन्हित व्यवसायियों का गुमास्ता रद्द करने की शुरुआत वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में हो चुकी है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि नेहरू नगर में लंबे समय से ऐसे स्मोकिंग जोन की शिकायत वहां के व्यापारी कर रहे थे। स्मोकिंग जोन बना युवाओं की यहां देर रात तक बैठक होती थी और विभिन्न प्रकार का नशा यहां मुहैया कराया जा रहा था जिससे आसपास में पूरे मार्केट की छवि और वातावरण खराब हो रहा था। ऐसी दुकानों के पास नशे में लिप्त असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से महिलाओं और परिवार सहित मार्केट पहुंचे लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं साथ ही ऐसी दुकानों पर लगी जमघट से लोग आसपास की दुकान जाने से कतराते थे।

शुक्रवार की देर शाम यहां अचानक विधायक रिकेश सेन के पहुंचने पर दर्जन भर युवा वहां से भाग निकले थे। होटल ग्लासी और फ़ुड फैक्ट्री के समीप पेड़ के नीचे बैंच लगा कर अनेक युवा और नाबालिग यहां कश लगाते बैठे थे। विधायक रिकेश सेन ने तत्काल संचालक को फोन लगाकर दुकान बंद करने कहा था। इस बीच मार्केट के व्यवसायियों ने विधायक को बताया कि ऐसी दुकानों के संचालन से पूरा मार्केट परेशान था। निगम प्रशासन को भी ऐसे चिन्हित गुमास्ता की जांच कर उन्हें रद्द करने के निर्देश दिए गए नतीजतन अब ऐसी दुकानों को बंद कराया जा रहा है।

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि कई देश अब तंबाकू सेवन को खत्म करने की रणनीति की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सड़कों, समुद्र तटों और खुले पार्कों में भी तंबाकू सेवन पर प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया है, जबकि हमारे देश में होटलों और रेस्तराओं जैसी बंद जगहों पर स्मोकिंग जोन की अनुमति है।

यह धूम्रपान नहीं करने वाले लोगों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है, हमें इस पर तत्काल प्रतिबंध लगाना होगा। स्मोकिंग जोन की आड़ में हुक्का फ्लेवर, तम्बाखू और अन्य जहरीले नशे परोसे जा रहे हैं जो कि युवा पीढ़ी के लिए ख़तरनाक है। विभिन्न कालेज, कोचिंग के स्टूडेंट्स की यहां महफ़िल लगने की शिकायतें थीं। ऐसी उदंडता को प्रेरित करने वाली कुसंस्कृति को रोकना होगा। ऐसे स्मोकिंग जोन युवाओं की दशा और दिशा बिगाड़ रहे हैं, वैशाली नगर विधानसभा में ऐसे कोई जोन संचालित नहीं होंगे।

## खबर संक्षेप

### मकान से जेवरात और नकदी पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत जेवरात पार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर ईस्ट निवासी संजय भाटिया शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज में पदस्थ है। मकान में दोपहर को लौटने पर लोहे का ग्रील का दरवाजा का ताला गायब मिला। भीतर प्रवेश करने पर आलमारी का लाकर भी टूटा मिला। चेक करने पर अज्ञात ने नगदी 20 हजार सोने चांदी के जेवरात चोरी हुआ। जिसकी कीमत 48 हजार रुपए आंकी गई है। पीड़ित की पत्नी पोस्ट आफिस में एजेंट है। घटना के दिन पोस्ट आफिस में मिटिंग पर गई हुई थी।

### मतदान केन्द्र की व्यवस्था दुरूस्त हो: आयुक्त ध्रुव



**भिलाई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में नागरिक सुविधाजनक रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके इस हेतु नगर पालिक निगम के सीमा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाईनगर एवं 66 वैशालीनगर के 425 मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने आयुक्त ने निर्देश दिए। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जोनवार बैठक लेकर विकास कार्यो तथा लंबित आवेदनो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार भिलाईनगर विधानसभा के 169 तथा वैशालीनगर विधानसभा के 256 मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था पानी, बिजली, सफाई,शौचालय की जाँच कर लेवें । मतदान केन्द्रों में दिव्यांग मतदाता के लिए बनाये गये रैम्प तथा रेलिंग सही हो निर्धारित मापदंड के अनुरूप बना हो। आयुक्त ने कहा कि मतदान दल के लिए पंखा, कुलर,प्रकाश तथा पीने व निस्तारी पानी की पर्याप्त व्यवस्था केन्द्रों में रहे यह सुनिश्चित कर रखेंगे। सभी केन्द्र प्रभारी भ्रमण कर अपना रिपोर्ट देंगे। आयुक्त ध्रुव समीक्षा बैठक की नवीन व्यवस्था के तहत जोन कार्यालय में स्वयं उपस्थित रह कर प्रत्येक जोन के कार्यों का अलग अलग समीक्षा कर रहे है। बैठक में जोन आयुक्त, अधीक्षण अभियंता, भवन अधिकारी, सहायक अभियंता, उपअभियंता, जोन स्वास्थ अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### भत्ते, पेंशन व ईएसआईसी में सभी चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिलने से असंतोष

# दो माह बाद भी एनजेसीएस समझौता पर अमल नहीं, श्रमिकों को नहीं मिला एडब्ल्यूए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

#### जल्द निदान नहीं होने पर स्टील ठेका यूनियन इंटक ने दी आंदोलन की चेतावनी



भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका मजदूरों की समस्याओं को निदान नहीं होने से असंतोष बढ़ रहा है। उन्हें न तो एडब्ल्यूए की बढ़ाई गई राशि का भुगतान किया जा रहा है, एचएसएलटी मजदूरों को पेंशन मिल रही और न ही नवनिर्मित ईएसआईसी अस्पताल में मुकम्मल चिकित्सा सुविधाएं ही मिल रही हैं। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने प्रबंधन द्वारा जल्द समस्याओं का निदान नहीं होने पर आगे आंदोलन की चेतावनी दी है।

यूनियन की बैठक सेक्टर 4 कार्यालय में हुई कार्यकारिणी की बैठक में ठेका श्रमिकों ने अपनी समस्याएं के निदान की मांग की। उप महासचिव डामन लाल ने कहा कि 8 फरवरी 2024 को एनजेसीएस सब कमेटी की बैठक में बीएसपी के ठेका श्रमिकों के लिए 1 मार्च 2024 से 1400 रुपए एडब्ल्यूए की राशि पर समझौता किया गया था । प्रबंधन द्वारा जल्द ठेका श्रमिकों के खाते में एडब्ल्यूए की राशि भुगतान करे। उपाध्यक्ष के राजशेखर ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन को ठेका श्रमिकों के सभी गेटों से आने-जाने की सुविधा के लिए कार्यपालक निर्देशक प्रभारी को ज्ञापन दिया गया था उस पर प्रबंधन द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ठेका श्रमिकों को आईआर ऑफिस आने एवं ईएसआईसी अस्पताल जाने के लिए बोरिया गेट एवं मेन गेट से आने जाने की आवश्यकता पड़ती है लेकिन जोरा तराई गेट से आने वाले ठेका श्रमिकों को इस गेट से आने-जाने नहीं दिया जिससे ठेका श्रमिकों को बहुत परेशानी होती है। जल्द सुविधा मिले।

#### ईएसआईसी हास्पिटल में बने कार्ड

यूनियन पदाधिकारियों ने नेहरु नगर में नवउदघाटित ईएसआईसी अस्पताल में ठेका मजदूरों के बेहतर इलाज एवं परिवार के सदस्यों का बने कार्ड बनाने की मांग की। भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका श्रमिकों से ईएसआईसी को करोड़ों रुपए साल का दिया जाता है लेकिन इस 100 बिस्तर के ईएसआईसी अस्पताल में उद्घाटन तो किया गया लेकिन वहां पर बेहतर इलाज की कोई सुविधा नहीं है। इससे श्रमिकों को बहुत परेशानी हो रही है। मजदूरों को प्राइवेट अस्पताल में चिकित्सा करवाने की आवश्यकता पड़ रही है । ईएसआईसी प्रबंधन जल्द ही नए अस्पताल में बेहतर इलाज, दवाई और डॉक्टर और स्वास्थ्य परीक्षण की भी व्यवस्था की जाए । सभी ठेका श्रमिकों के परिवार का कार्ड एवं मेडिकल बुक बनाया जाए ।

#### नहीं हो रही केवाईसी

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा एचएसएलटी ठेका श्रमिकों का पेंशन के नाम से पैसा काटा गया लेकिन अभी तक एचएसएलटी ठेका श्रमिकों का केवाईसी नहीं हो पा रहा है । इससे कारण भिलाई इस्पात संयंत्र के एचएसएलटी ठेका श्रमिकों को पेंशन नहीं मिल पा रही है। यूनियन के वीर सिंह ने कहा कि लगातार प्रबंधन से चर्चा करने के बाद भी इस पर कोई निर्णय नहीं हो पा रहा है। बीएसपी और आरपीएफसी रायपुर के सिस्टम में उलझ कर रह गए हैं। यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि मांगों को लेकर लगातार पत्र देने के बाद बी प्रबंधन कोई कार्रवाई कर रही है । चारों शिफ्ट में श्रमिकों से स्थाई प्रकृति के कार्य करवाने के बा दभी ना तो रात्रि भत्ता दिया जा रहा है और ना ही अन्य भत्ते मिल रहे हैं। जबकि माइंस में अनेक सुविधाएं प्राप्त हैं । सुविधाओं में बढ़ोतरी नहीं करेगी तो आगामी दिनों में आंदोलन किया जाएगा। बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह, मनोहर लाल, आर दिनेश, सुरेश श्याम कुमार गुलाब दास गुरुदेव साहू आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने प्रार्थना सभा और उपवास रखा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- रविवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के फर्जी प्रकरण में जेल में डालने को लेकर किया देशव्यापी विरोध

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्णयानुसार रविवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के फर्जी प्रकरण में जेल में डालने के देशव्यापी विरोध में आम आदमी पार्टी दुर्ग जिले के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने प्रार्थना सभा कर उपवास रखा जिसमे रघुपति राघव राजा राम एवं श्री राम जय राम जय जय राम का पाठ किये।

वहीं उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सामूहिक नारे लगाए जिसमे 'जेल के ताले टूटेंगे, केजरीवाल छूटेंगे' 'भ्रष्टाचार का एक ही काल केजरीवाल केजरीवाल'।

आम आदमी पार्टी के नेताओं के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय के पास कोई सबूत नही मिला और भाजपा के खिलाफ 60 करोड़ शराब घोटाले में मनी ट्रेल के सबूत की जानकारी होने पर भी कोई कार्रवाई नही। इलेक्ट्रोरल बॉन्ड के खुलासे से ये साफ हो गया कि बीजेपी सरकार चंदा दो धंधा लो की नीति चला रही है। कोई सरोकार नही इनको भ्रष्टाचार से , महंगाई, बेरोजगारी, विकास पर अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह , सत्येंद्र जैन को जल्द न्याय मिलेगा । उपवास में संजीत विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश तिवारी, जसप्रीत सिंह, सुमीत शर्मा, विजय अग्रवाल, देवेंद्र बिंजलेकर, दयानिधि, कार्तिक, ईश्वरी कुर्रे, सतीश साहू, शमीम अहमद, राजकुमार वर्मा, ओम प्रकाश, शारिक धर्मेंद्र चौधरी, घनश्याम सोनी, गजाधर दास वैष्णव, दिनेश यादव, चुम्मन साहू, संतोष नाग, ओम प्रकाश धीवर, अजय रामटेके, पुरुषोत्तम, रवि साहू, शिवा रायडू, बलविंदर, राम पाल, हरचरण सिंह, ओमप्रकाश धीवर, दविंदर सिंह भाटिया आदि मौजूद थे।

## बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मियों का चित्रकोट हास्टल वार्डन पदों के लिए संलग्नीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- उम्मीदवार का चयन भिलाई इस्पात संयंत्र के निर्देशानुसार किया जायेगा

भिलाई इस्पात संयंत्र में, बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिये चित्रकोट हास्टल राजहरा में हास्टल वार्डन (पुरुष) पदों पर नियुक्ति के लिए अग्रज संवाद वेबसाइट पोर्टल पर अधिसूचना जारी की गई है। इस संलग्नीकरण के लिए कुल पदों की संख्या 2 है। आवेदक स्नातक होना चाहिए (बीएसपी के सेवानिवृत्त शिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी)

उपरोक्त पदों के लिए केवल भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त कर्मी ध् स्वैच्छिक सेवानिवृत्त (पुरुष) कर्मी ही आवेदन हेतु पात्र हैं। पद के लिए आवेदक की आयु–सीमा 60 से 70 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक दल्लीराजहरा या आसपास का रहवासी होना चाहिये। चयनित उम्मीदवारों को आरम्भ में 6 माह के लिए अनुबंधित किया जाएगा, जिसे बाद में प्रबंधन के निर्णय अनुसार 6–6 माह के लिए दो कार्यकाल के लिये बढ़ाया जा सकता है। चयनित उम्मीदवारों को हस्टल वार्डन पद के लिए, वास्तविक उपस्थिति के आधार पर निर्धारित मानदेय 600 (छह सौ मात्र) प्रतिदिन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त वे किसी अन्य लाभ के पात्र नहीं होंगे। हस्टल वार्डन को छात्रें के साथ 24 घण्टे रहना होगा।

सभी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताएं, आयु प्रमाणपत्र, सेवा प्रमाणपत्र के साथ निवास प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रतिलिपियां तथा सत्यापित फोटो आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन के साथ संलग्न लिफाफे पर पद का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। हस्टल वार्डन को छात्रें के साथ हस्टल में रहना होगा। हस्टल वार्डन को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। उम्मीदवार का चयन भिलाई इस्पात संयंत्र के निर्देशानुसार किया जायेगा।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर शामिल हुए विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

विधायक ललित चंद्राकर ने भाजपा की स्थापना दिवस की बधाई दिया। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस का कार्यक्रम दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के द्वारा भाजपा का झंडा रोहण कर मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में सरकार बनाने के बाद रखी। आज तीन दशक बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है तथा भारी बहुमत से भाजपानीत राजग सरकार केन्द्र में गठित हुई है। श्री शिवप्रकाश ने कहा कि पहले आम चुनाव में 2 सीटों से लेकर आज 303 सांसदों तक का सफर अपने समर्पित, निष्ठावान और कर्मठ कार्यकर्ताओं के बल पर शीर्ष पर पहुंची भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है।

## आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को कार्पोरेट के हवाले करने की चल रही साजिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई




प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन छत्तीसगढ़ जन संघर्ष मोर्चा की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बस्तर और हसदेव के आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन को कार्पोरेट के हवाले करने की साजिश लगातार चल रही है। वर्तमान में सामाजिक कार्यकर्ता सरजू टेक्राम और तिरुमल को गिरफ्तार किया गया है, जिसका पुरजोर विरोध करते हैं और इनके रिहाई का मांग करते हैं। अखबारों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से पता चलता है कि नक्सलियों का नाम लेकर निर्दोष आदिवासियों को मारा जाता है। हम लोग हिंसा का विरोध करते हैं आखिरकर यूएपीए कानून में निरीह आदिवासी और सामाजिक कार्यकर्ता लोग ही गिरफ्तार हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी आदिवासियों को ही टार्गेट कर जल, जंगल, जमीन को बेदखल करने की साजिस है। जंगल नही बचने से पर्यावरण पूरी तरह जीवन में प्रभाव डालेगा और जीना मुश्किल हो जाएगा। विकास का दौड़ हत्या, लूट और यूएपीए जैसे जन विरोधी कानून से नही होना चाहिए। वर्तमान स्थिति भयावह है, जो भी न्याय के लिए आवाज उठा रहे हैं उन्हे जेल की यातना दी जा रही है और न्याय की आवाज को कुचल दिया जा रहा है जो लोकतंत्र के लिए सबसे घातक है। लोकतंत्र में जीने का बोलने का सबको अधिकार है, जिस अधिकार को लाठी, गोली जेल से नही दबाया जा सकता। इस दौरान संतोष यादव, भुवन, मोहमद अली, बड़कु निरासंत, राम राजू यादव, सीवेंद्र कलादास डेहरीया आदि लोग उपस्थित थे।

### मुखरता से इस मांग को उठाने वाले साहित्यकार पारकर ने कहा- सब काम होवत हे सांय सांय

# एमए छत्तीसगढ़ी योग्यताधारी बनेंगे अतिथि व्याख्याता, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



छत्तीसगढ़ शासन ने एमए छत्तीसगढ़ी योग्यताधारी युवाओं को अतिथि व्याख्याता बनाने आदेश जारी कर दिया है। इससे एमए छत्तीसगढ़ी की पढ़ाई कर चुके युवाओं में हर्ष है। दशक भर पहले इस विषय की पढ़ाई शुरू करने की मांग प्रमुख रूप से उठाने वाले और बाद में एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारी युवाओं को शासकीय सेवाओं में भर्ती की मांग करने वाले साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर ने इस पर संतोष जताया है। पारकर ने कहा है कि-सब काम होवत हे साय साय। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस पहल से एमए छत्तीसगढ़ी कर चुके युवाओं को बड़ी राहत मिलेगी। इस संदर्भ में पारकर ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से कवर्धा में मुलाकात की और शासन का आभार जताया।

- पारकर ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से कवर्धा में मुलाकात की और शासन का आभार जताया

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन ने एमए छत्तीसगढ़ी योग्यताधारी अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति करने 3 अप्रैल को आदेश जारी किया है। उच्च शिक्षा संचालनालय आयुक्त शारदा वर्मा के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश में राज्य के समस्त विश्वविद्यालय के कुलपतियों से कहा गया है कि एमए छत्तीसगढ़ी विषय के अध्यापन हेतु छत्तीसगढ़ी विषय में ही स्नातकोत्तर की योग्यता रखने वाले आवेदकों को अतिथि व्याख्याता के तौर पर चयन की कार्यवाही की जाए। इसे आवश्यकता अनुसार विश्वविद्यालय के भर्ती नियमों में यथा स्थान संशोधन की कार्रवाई भी की जाए। उल्लेखनीय है कि दुर्गा प्रसाद पारकर को एमए छत्तीसगढ़ी के प्रवर्तक के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने दशक भर पहले यह मांग उठाई थी। जिसके बाद राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों में एमए छत्तीसगढ़ी की पढ़ाई शुरू करवाई थी। वर्तमान में पारकर का लिखा उपन्यास 'बहू हाथ के पानी' हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग के एम .ए. हिन्दी और हरिशंकर परसाई के व्यंग्य 'मन के संग्रह' का छत्तीसगढ़ी अनुवाद 'सुदामा के चाँउर' पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के एम.ए.छत्तीसगढ़ी के पाठ्यक्रम में शामिल है। पारकर ने बताया कि उनके गद्य साहित्य के विश्लेषणात्मक अध्ययन पर शिवांगी पाठक पीएचडी कर रही हैं। पारकर ने छत्तीसगढ़ शासन के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

## ढौर के किसान बईठका में किसानों ने रखी अपनी-अपनी बात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा आयोजित ढौर के किसान बईठका में शामिल किसानों ने कहा कि भाजपा ने सी 2 लागत पर 50 प्रतिशत लाभ जोड़कर एमएसपी घोषित करने का वायदा किया था, केंद्र द्वारा घोषित कृषि उपजों का न्यूनतम समर्थन मूल्य इससे कम है इसके बाद भी किसानों को बाजार में घोषित मूल्य से कम में अपनी उपजों को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

किसानों ने सवाल उठाया कि मोदी इसकी गारंटी क्यों नहीं देते? किसान बईठका में उपस्थित किसानों का कहना है कि जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार 31 सौ प्रति क्विंटल के भाव से धान खरीदी कर रही है तब एक देश एक कानून की बात करने वाली केंद्र की सरकार इसे ही न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित क्यों नहीं कर देती अलग-अलग राज्य में अलग-अलग भाव में खरीद क्यों करते हैं?

ढौर के किसान बईठका में राज्य सरकार के कृषक उन्नति योजना को निशाने में लेते हुए किसानों ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना में बिना भेदभाव के सभी किसानों को समान रूप से प्रति एकड़ 9 हजार रुपए आदान राशि मिलती थी लेकिन वर्तमान विष्णु देव साय सरकार के योजना में सिर्फ सरकार को धान बेचने वाले किसानों को ही 19 हजार 257 प्रति एकड़ आदान राशि प्रदान किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मां कर्मा जयंती पर महाभंडारा में हजारों लोग हुए शामिल



**रायपुर।** मां कर्मा जयंती के अवसर पर साहू समाज और नया सवेरा जनकल्याण समिति छत्तीसगढ़ द्वारा श्रीराम थोक सब्जी मंडी डूमरतराई में रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले समिति के सदस्यों और समाज के लोगों ने माता कर्मा देवी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। साथ ही आरती के साथ प्रसादी भोग लगाया। इस मौके पर समाज के लोगों ने बताया कि जंयती पर्व का दूसरा वर्ष रहा और भंडारे का तीसरा साल है। कार्यक्रम में मंडी के सदस्यों के अलावा डॉ. रितेश साहू, राजेंद्र साहू, गज्जू दाऊ, मोहित, प्रीतम दास, सेवक, लालू, राजा, हर्ष, अनिल लखू, सुशील साहू, सुरजीत साहू, राजा निर्मलकर, दिनेश साहू, चिराग साहू, सुरेश, चेतन साहू, गिरिश साटोने, विक्की, आरिफ, एकमात्र महिला सदस्य सोनिया साहू आदि का भरपूर सहयोग मिला।

### मोदी मैजिक किताब को केंद्रीय मंत्री गोयल ने सराहा

**रायपुर।** यूपीए और मोदी सरकार के कार्यों के तुलनात्मक आंकड़ों को दिखाती किताब मोदी मैजिक के लिए भारत सरकार में वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किताब के लेखक और भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी को बधाई दी है। उन्होंने लिखा है, मैं आपकी पुस्तक मोदी मैजिक द स्टोरी ऑफ अनपैरेल्ड इंडिया थ्रू नंबर्स के विमोचन पर आपको हार्दिक बधाई देता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत की प्रगति की कहानी बताने के लिए तथ्यात्मक डेटा संकलित करने में आपका समर्पण और अति सावधानीपूर्वक प्रयास वास्तव में सराहनीय है।

# रायपुरा के बघवा तालाब का 25 साल बाद गहरीकरण, पांच फीट तक निकाली गाद

## लैंडस्केपिंग, पेवर ब्लाक, तालाब के चारों ओर बनेगी बाउंड्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब का गहरीकरण करने सालों बाद नगर निगम ने अब जाकर सुध ली है। गहरीकरण और सफाई के दौरान 5 फीट तक की गाद बाहर निकाली गई। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि रायपुरा की आधी बस्ती के अलावा यादव पारा के लोग वर्षों से इस पारंपरिक तालाब का निस्तारी के लिए उपयोग करते आ रहे हैं, पर तालाब की सफाई और गहरीकरण उनकी जानकारी में पहली बार हो रहा है। तालाब को सुरक्षित रखने चारों ओर बाउंड्रीवॉल बनाएंगे। साथ ही लोगों के आने-जाने की सुविधा के लिए पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। तालाब गहरीकरण, सफाई और सौंदर्यीकरण में ढाई करोड़ रुपए खर्च होंगे। नगर निगम के जोन-8 क्षेत्र के माधवराव सप्रे वार्ड के रायपुरा बस्ती स्थित बघवा तालाब में कई साल से जमा कूड़ा-करकट, प्लास्टिक पॉलिथीन और गंदगी के साथ ही 5 फीट जमी सील्ट साफ करने मैनुअल तरीके से व मशीन लगाकर सफाई कराई जा रही है। निगम मुख्यालय से इस कार्य के लिए 2.50 करोड़ का टेंडर कर स्थानीय ठेकेदार को अनुबंधित किया गया है। तालाब का गंदा पानी बाहर निकालकर इसका गहरीकरण कराया जा रहा है। सालों बाद बघवा तालाब की सफाई और गहरीकरण कार्य की मॉनिटरिंग निगम मुख्यालय के माध्यम से की जा रही है। तालाब के आसपास प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को काफी असुविधा होती थी।

अलग खबर



### तालाब में गोबर और गंदगी

3.5 एकड़ क्षेत्र में फैले रायपुरा के पारंपरिक बघवा तालाब में आसपास की डेयरी के मवेशी जाने से पानी के भीतर भारी मात्रा में गोबर और गंदगी जमे हुए हैं। प्रोजेक्ट से जुड़े निगम के अधिकारियों का कहना है, पिछले 6 माह से तालाब की सफाई और गहरीकरण का काम कराया जा रहा है। गंदगी बाहर निकालकर नए सिरे से इसमें साफ पानी भरा जाएगा। बारिश से पहले तालाब की सफाई का काम पूरा कराने की तैयारी है। जरूरत पड़ी तो ग्रामवासियों से सहयोग लेकर पारंपरिक सरोवर संरक्षित करने आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## बड़े कबाड़ी आउटर में यार्ड बनाकर छोटे कबाड़ियों को दे रहे प्रश्रय

# कबाड़ में रेलवे का लोहा भी, न चोरी रुक रही और न खरीदारी, हर माह 40 करोड़ से ज्यादा का धंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चोरी के लोहे के साथ कबाड़ खरीदने वाले कबाड़ियों के खिलाफ नियमित कार्रवाई नहीं होने की वजह से शहर समेत जिले में कबाड़ी जाल बिछाकर बड़े पैमाने पर कारोबार कर रहे हैं। कबाड़ियों के ठिकानों पर पुलिस की नियमित जांच नहीं हो पाती है। खास अवसरों पर ही जांच होती है और फिर मामला ठंडा, इसलिए कबाड़ की आड़ में कुछ कबाड़ी सरकारी लोहा भी बेखौफ खरीद-बेच रहे हैं। मंदिर हसौद के साथ धरसींवा, उरला, आमानाका, कबीर नगर इलाके में कई ऐसे कबाड़ी हैं, जो राज्य के दूसरे शहरों के अलावा पड़ोसी राज्य के कबाड़ियों से थोक के भाव में कबाड़ खरीदने का काम कर रहे हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि शहर में ही हर माह 40 करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो रहा है।

- कबाड़ियों की संख्या साढ़े चार सौ के करीब, इनमें से सौ बड़े कारोबारी

गौरतलब है कि एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर पुलिस ने शनिवार को अभियान चलाकर 44 कबाड़ियों के ठिकानों में दबिश देकर एक करोड़ रुपए के कबाड़ तथा 17 वाहन जब्त करने की कार्रवाई की है। इनमें से कई कबाड़ियों के खिलाफ पुलिस ने चोरी के माल खरीदने के साथ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है। कहा जा रहा है कि जब्त कबाड़ में रेलवे का लोहा भी है।

एक कबाड़ी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि छोटे कबाड़ियों को कबाड़ खरीदी करने बड़े कारोबारी आर्थिक मदद देते हैं। बड़े कबाड़ी छोटे कबाड़ियों को कबाड़ खरीदने एडवांस में रकम देते हैं। बड़े कबाड़ियों से मिले पैसों में से कुछ रकम से छोटे कबाड़ी फेरी लगाकर कबाड़ खरीदने काम करते हैं। इस तरह के कबाड़ियों का एक बड़ा नेटवर्क कबाड़ खरीदने के धंधे में जुटा हुआ है।



फाईल फोटो

### जारी रहेगी कार्रवाई

कबाड़ की आड़ में सरकारी संपत्ति, रेलवे ट्रैक के लोहे के साथ चोरी का लोहा, वाहन काटकर खरीदी-बिक्री करने वाले कबाड़ियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। शनिवार को जिन कबाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें से कई कबाड़ियों के ठिकानों से सरकारी संपत्ति के साथ रेलवे ट्रेक का टुकड़ा जब्त किया गया है।

- **संतोष सिंह,** एसएसपी रायपुर

### बड़े कबाड़ियों का ठिकाना आउटर में

लार्ज स्केल पर कबाड़ का काम करने वाले ज्यादातर बड़े कबाड़ियों ने अपना ठिकाना आउटर में बनाया है। आउटर में ठिकाना होने की वजह से इन पर पुलिस की नजर नहीं पड़ती। इसके अलावा बड़े कबाड़ी लोहा उद्योग के आसपास अपना ठिकाना बनाकर कबाड़ खरीदने का काम करते हैं। यहां से उन्हें कबाड़ निकालने में सहूलियत होती है। अनुमान के मुताबिक छोटे कबाड़ी हर माह चार से पांच लाख रुपए कबाड़ का काम कर लेते हैं, जबकि बड़े कबाड़ियों का टर्नओवर 20 से 25 करोड़ रुपए का है। जिले में छोटे-बड़े मिलाकर साढ़े चार सौ के करीब कबाड़ी हैं। इनमें से सौ बड़े तथा साढ़े तीन सौ के करीब छोटे कबाड़ी हैं। छोटे-बड़े कबाड़ियों का हर माह का कारोबार 40 करोड़ रुपए से ज्यादा का है।

### इन क्षेत्रों में संचालित कबाड़ का कारोबार

पुलिस रिकार्ड के मुताबिक कबाड़ का काम करने वाले ज्यादातर बड़े कबाड़ी मौदहापारा, विधानसभा, उरला, खमतराई, धरसींवा, आमानाका, मंदिर हसौद, तिल्दा इलाके में किराए पर यार्ड लेकर कारोबार संचालित कर रहे हैं। एसएसपी ने सभी थानों के टीआई को चोरी के कबाड़ खरीदने वालों को चिन्हांकित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### सामने आए और छह नेक इंसान

**रायपुर।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायलों को समय पर उपचार नहीं मिलने की वजह से मौत हो जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटंस (नेक इंसान) को पिछले महीने से एसएसपी के निर्देश पर सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मार्च महीने में घायलों की मदद करने वाले छह नेक इंसानों को एसएसपी ने अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित करने के साथ प्रमाणपत्र प्रदान किए। साथ ही जिन छह लोगों को सम्मानित किया गया, उनकी फोटो प्रमुख चौक-चौराहों पर लगाई गई है। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए आधे घंटे का समय गोल्डन टाइम रहता है, इस अवधि में घायल को मदद मिल जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है।

## पेज 9 के शेष

### ईवीएम का किया ...

रेंडमाइजेशन प्रक्रिया ज़िला सूचना एवं विज्ञान (डीईओ) रोहित चंद्रवंशी ने पारदर्शी तरीके से कंप्यूटर पर उपलब्ध निर्वाचन आयोग के साफ्टवेयर पर की गई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के सभी राउंड पर राजनीतिक दलों की संतुष्टि उपरांत प्रक्रिया फाइनल की गई। राजनीतिक दलों को जानकारी दी गई कि मशीनें स्ट्रांग रूम शहर के मंडी परिसर में विधानसभा वार निर्धारित कक्षों में रहेंगी। जिसकी सुरक्षा 24 घंटे पुलिस द्वारा की जाएगी।

### चुनाव से हमें सही ...

में स्वच्छता कार्यक्रम एवं मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को स्वच्छता रैली मतदाता जागरुकता शपथ एवं सोशल मीडिया में प्रचार-प्रसार एवं रंगोली का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला स्वीप नोडल सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, प्राचार्य पी.पी. चंद्रवंशी सहित महाविद्यालय के स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### विधायक ईश्वर ने हिन्दू नववर्ष व नवरात्रि की दी शुभकामनाएं



**साजा।** आज से हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। साजा विधायक ईश्वर साहू ने क्षेत्रवासियों को हिंदू नववर्ष और नवरात्रि की शुभकामनाएं दी हैं। विधायक श्री साहू ने कहा कि वे अपने गृह ग्राम बीरनपुर में स्थित मां शक्ति मंदिर में माता जी की पूजा-अर्चना कर नववर्ष की शुरुआत करेंगे।

### कलंगपुर में निकाली जाएगी शोभायात्रा

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही मुख्यालय के ग्राम कलंगपुर में मां शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 61 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करने के साथ ही जंवारा बोया जाएगा। मां शीतला मंदिर में मां शीतला मूर्ति के साथ मां डीहवारीन, मां बुढ़ी माई, मां सतबहिनी व देवता हरदेलाल का मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गोविन्द राम सिन्हा सहित समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आज 9 अप्रैल को सुबह 11.36 से 12.24 के बीच ज्योति कलश स्थापना की जाएगी। साथ ही सुबह 9 बजे से मां शीतला मूर्ति सहित उक्त पांच मूर्ति की मंगल यात्रा व 500 कलश के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में गांव में निवासरत सभी घर से माताएं शामिल होंगी। मंगल कलश यात्रा नंदी चौक स्थित सहाड़ा देव भगवान से माता सेवा के साथ गांव के विभिन्न गलियों से गुजरते हुए मां शीतला मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी। मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के बाद महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। 16 अप्रैल को महाष्टमी हवन पूर्णाहुति व कन्या भोज कराया जाएगा। 17 अप्रैल को ज्योति जंवारा शोभायात्रा निकाली जाएगी और रामनवमीं मनाई जाएगी।

### नवोदय में हुआ डिकेश का चयन

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला रानाखुज्जी के छात्र डिकेश कुमार पिता स्व. मेघनाथ का चयन नवोदय विद्यालय में होने पर संकुल प्राचार्य आरके इंदौरिया, संकुल समन्वयक भागवत राम इंदौरिया, प्रधान पाठक बलराम सिंह सोनकर, शिक्षिका रंजीता देवांगन, नीता मानिकपुरी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य कामना की गई है।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय गुरुर में प्रवेश की प्रक्रिया कल से

**गुरूर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गुरुर में 10 अप्रैल से 5 मई तक एलकेजी से 12 वीं तक प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगा। विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर हार्ड कॉपी संस्था में जमा करना होगा। 31 मई की स्थिति में एलकेजी के लिए आयु सीमा साढ़े तीन साल से साढ़े 4 साल एवं कक्षा पहली के लिए आयु सीमा साढ़े 5 साल से साढ़े 6 साल के मध्य होनी चहिए। महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जायेगा। बीपीएल एवं आर्थिक रुप से कमजोर पलकों के बच्चों को कुल रिक्त सीटों के 25 प्रतिशत सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया जायेगा।

## आयोजन : कलेक्टर एवं एसपी ने चार दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# आप स्वस्थ रहेंगे तभी नागरिकों की सेवा व पीड़ितों का प्राथमिक उपचार अच्छी तरह कर सकेंगे : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

मानव सेवा सर्वोपरी धर्म को परिलक्षित करते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला बेमेतरा द्वारा बेमेतरा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रक्षित केन्द्र बेमेतरा में किया गया। चार दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं एसपी रामकृष्ण साहू ने किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी मनोज तिर्की, रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. सी.एस. चुरेन्द्र, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे, डा. रैना अग्रवाल, डा. नरेश जांगडे, जिला संगठक रेडक्रास उपेन्द्र सेंगर, प्रशिक्षण अधिकारी अमित दीक्षित व रोहित निर्मलकर, गौकरण साहू एवं बेमेतरा पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बेमेतरा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राथमिक चिकित्सा का सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस स्टाफ को उनके स्वयं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने एवं खानपान समय पर करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस बल स्वस्थ्य रहेंगे, तो आमजन को बेहतर सेवा प्रदान करना अधिक आसान होगा। इसी तरह आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण उनके स्वयं के लिए भी अत्यावश्यक है, ताकि वे स्वयं का और आमजनों को भी आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिक उपचार सहायता उपलब्ध करा सकें। इसके साथ ही कुत्ते के काटने, सर्पदंश एवं दुर्घटना प्रकरणों में खून बहाव होने से पीड़ित को तत्काल किसी प्रकार की प्राथमिक उपचार सहायता दी जा सकती है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से इसे ध्यान पूर्वक सीखने को कहा, ताकि पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने तक होने वाली जोखिम से बचाया जा सके।





### स्वास्थ्य टीम से पहले पुलिस पहुंचती है, इसलिए प्रशिक्षण जरूरी

एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने पुलिस बल को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कोई भी स्वास्थ्यगत आपातकाल स्थिति होने पर सबसे पहले पुलिस पहुंचती है। उसके बाद स्वास्थ्य की टीम। इसलिए पुलिस जवानों को प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण जिसमें सी.पी.आर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दुर्घटना प्रकरणों में फैक्चर होने पर पीडित व्यक्ति को उठाने से बेहतर गाड़ी में बैठाने सहित सभी स्टेप अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस छोटी-छोटी बातों को ध्यान में अमल करने से बहुतों की जान जोखिम से बचाया जा सकता है। अतः प्रथम उपचारी का प्रशिक्षण प्रत्येक पुलिस जवान के लिए आवश्यक है।

**चार चरणों में दिया जाना है प्रशिक्षण:** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चुरेन्द्र ने प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण के तहत प्रशिक्षण का द्वितीय चरण 9 अप्रैल, तृतीय 15 और चतुर्थ चरण 16 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए मास्टर ट्रेनर डा. रैना अग्रवाल एवं एम.डी. मेडिसीन डा. नरेश जागडे.द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा। उपेन्द्र सिंह सेंगर, जिला संगठक, भारतीय रेडक्रास सोसायटी ने बताया कि प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण के प्रथम चरण में जिले के 50 पुलिस जवानों को प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम में 50-50 के बैच में अन्य चरणों के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला बेमेतरा द्वारा 8 अप्रैल को बेमेतरा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रक्षित केन्द्र बेमेतरा (पुलिस लाईन) में किया गया। प्रशिक्षण में प्राथमिक चिकित्सा के सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं को शामिल किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. सी.एस. चुरेन्द्र, डा. रैना अग्रवाल, डा. नरेश जांगडे, जिला संगठक रेडक्रास उपेन्द्र सेंगर ने प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित विभिन्न सैद्धांतिक विषयों पर जानकारी दी। इसके तहत प्राथमिक चिकित्सा की परिभाषा और महत्व, प्राथमिक चिकित्सा के सुनहरे नियम, शरीर की संरचना और कार्य, रक्त परिसंचरण, घाव और रक्तस्राव, श्वसन, फ्रैक्चर, अव्यवस्था, जलन शामिल हैं। और झुलसना, दिल का दौरा, पागल जानवरों का काटना, कृत्रिम श्वसन, बाहरी हृदय संकुचन और सीपीआर।

### सैद्धांतिक ज्ञान के साथ ही दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

बेमेतरा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सैद्धांतिक ज्ञान के अलावा व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. सी.एस. चुरेन्द्र, डा. रैना अग्रवाल, डा. नरेश जांगडे, जिला संगठक रेडक्रास उपेन्द्र सेंगर ने दिखाया कि खोपड़ी, हाथ, जबड़े, सिर, टखने और पैर जैसे चोटों के मामले में शरीर के विभिन्न हिस्सों पर पट्टी को ठीक से कैसे बांधा जाए। व्यावहारिक अनुभव ने बेमेतरा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न स्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने में आत्मविश्वास हासिल करने की अनुमति दी। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला बेमेतरा द्वारा संचालित प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम बेमेतरा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अत्यधिक लाभकारी रहा। कार्यक्रम ने प्राथमिक चिकित्सा सिद्धांतों के बारे में उनकी समझ को बढ़ाया और आपात स्थिति के मामले में तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए उन्हें आवश्यक कौशल से सुसज्जित किया। सैद्धांतिक व्याख्यानों और व्यावहारिक प्रदर्शनों के संयोजन ने बेमेतरा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक व्यापक शिक्षण अनुभव सुनिश्चित किया।

## जिला गोस्वामी समाज के अध्यक्ष बने संतोष पुरी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

रविवार को जिला गोस्वामी समाज के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया है। इस अवसर पर समाज के संस्थापक के अलावा प्रदेश स्तर के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

समाज के वरिष्ठजनों की सहमती से जिला गोस्वामी समाज के अध्यक्ष संतोष पुरी, कोषाध्यक्ष अरविंद पुरी गोस्वामी, सचिव राजेशबन एवं संगठन सचिव धर्मेंद्र गिरी को बनाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अरविंद गोस्वामी ने बताया की इस अवसर पर प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुधीर बन, रायपुर जिला के अध्यक्ष वेदपुरी नरेंद्रपुरी एवं सचिन पुरी मौजूद रहे।

समाज के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य संरक्षक दत्त जैन पुरी गोस्वामी, प्रदेश उपाध्यक्ष ,राजेंद्र पूरी, अशोक पुरी, संतोष पुरी, सुशील पूरी, रेखराज पूरी, संजय पुरी, किशोर पुरी, सागर पुरी, मनोज पुरी, योगेश्वर पूरी समेत जिला गोस्वामी समाज के वरिष्ठजन शामिल हुए।

## भक्त माता कर्मा के उपदेशों को आत्मसात करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए बेमेतरा विधायक

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली परिक्षेत्र साहू संघ गोड़गीरी, इकाई खमतराई द्वारा आयोजित भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक दीपेश साहू के गांव पहुंचते ही ग्रामवशियों द्वारा ढ़ोल नागाड़े और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में भक्त माता कर्मा को नमन करते हुए पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने माता कर्मा के बताए हुए मार्ग पर चलने का आहान किया और साहू समाज को जयंती पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि परम आराध्य साध्वी भक्त शिरोमणि मां कर्मा बाई देश विदेश में आवासित करोड़ सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी मां कर्मा बाई की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षो से अंकित चली आ रही है इतिहास के पन्नों पर उनकी पावन गाथा तथा उनसे संबंधित लोकगीत की किवदंतियां और आख्यान इस बात के प्रमाण है कि मां कर्मा कोई काल्पनिक पात्र नहीं हैं। माता कर्मा के द्वारा किए गए कार्य आज भी आम जनमानस को दिखाई पड़ते हैं। आज उपस्थित साहू समाज के समस्त माता बहनों भाइयों और बुजुर्गों को भक्त शिरोमणि माता कर्मा की जन्म जयंती की बधाई देता हूं और आह्वान करता हूं कि माता कर्मा के बताए हुए मार्ग पर चलें और उनके उपदेश को आत्मसात करें।



### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मोहा मन

कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। विधायक श्री साहू ने बच्चों को सम्मान राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में गैंदराम साहू जिलाध्यक्ष साहू समाज बेमेतरा, छेदी लाल साहू, बसंत साहू, सूर्यकान्त साहू, उमाशंकर साहू, केशव साहू, राजेशसाहू, जीवन लाल साहू, हीना साहू, गुलशन साहू,पंचराम साहू, स्वरस्वती साहू, बिरजू साहू, अमर सिँह, सुदामा साहू, मंजू निषाद, तुकाराम साहू, शिवनाथ साहू, परमेश्वर साहू, ईश्वर साहू, दीना नाथ साहू, राजू देवांगन एवं समस्त सामाजिक पदाधिकारी ग्रामवाशी उपस्थित थे।

## बिजली कटौती बंद करने की मांग युकां ने दिया ज्ञापन

**अर्जुंदा।** गुण्डरदेही विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अनुभव शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को अघोषित विद्युत कटौती के विरुद्ध विद्युत वितरण उपकेंद्र अर्जुन्दा में ज्ञापन दिया गया। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि विद्युत वितरण उपकेंद्र अर्जुन्दा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है, जिससे क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों, घरेलू महिलाओं, व्यापारियों एवं आमजन को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे आमजनों में विद्युत विभाग के प्रति भारी रोष एवं आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने आमजनों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तीन दिवस के भीतर अघोषित विद्युत कटौती में सुधार नहीं किए जाने पर गुण्डरदेही विधानसभा युवा कांग्रेस द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक चक्का जाम करने की चेतावनी कनिष्ठ अभियंता विद्युत वितरण उपकेंद्र अर्जुन्दा को ज्ञापन सौंपकर दी है।

## महिला को किया निर्वस्त्र पैसे एवं मोबाइल लूटा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- बालोद थाना क्षेत्र के रेलवे कालोनी, रेक पाइंट में 4 अप्रैल को हुई थी घटना

काम खत्म कर अपने घर लौट रही एक विवाहिता को अनाचार की नीयत से निर्वस्त्र करने तथा उसके मोबाइल, पासबुक, एटीएम आदि लूटने वाले आरोपी को सायबर सेल की टीम ने गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। आरोपी के संबंध में पता चला है कि वह पूर्व में भी चोरी आदि के मामलों में जेल की सजा काट चुका है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना 4 अप्रैल की है। पीड़िता अपना काम खत्म कर रेलवे कालोनी की ओर से रेक पाइंट होते हुए अपने घर जा रही थी। इसी दौरान आरोपी द्वारिका मंडावी पिता हेमंत मंडावी 21 वर्ष निवासी मरारपारा बालोद ने उसे पीछे से पकड़ लिया और अपने पास रखे गमछे से उसका मुंह बांध दिया। अनाचार की नीयत से उसने पीड़िता को झाड़ियों की ओर ले गया और उसे निर्वस्त्र कर दिया। पीड़िता ने मदद की पुकार लगाई मगर सूनसान जगह होने से कोई आवाज सुन नहीं पाया। इसके बाद पीड़िता ने उसे अपने पास पैसा, मोबाइल आदि साइकिल में टंगे थैले में होने की जानकारी दी तो आरोपी उसके झांसे में आ गया और उसकी साइकिल की ओर चला गया। जाते-जाते भी आरोपी उसे धमकाता रहा कि यदि वह भागने का प्रयास करेगी तो जान से मार दी जाएगी। इस बीच पीड़िता ने उसी गमछे से स्वयं को ढंककर सड़क की ओर दौड़ लगा दी और मदद की गुहार लगाने लगी।

## शादी का झांसा देकर किया युवती का दैहिक शोषण, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लाटाबोड़

शादी का प्रलोभन देकर एक युवती का दैहिक शोषण करने वाले युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत बालोद थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उस पर अन्य धाराओं के तहत भी अपराध पंजीबद्ध किया गया।

सीएलसाहू, विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) के अनुसार कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली युवती ने 13 मई 2020 को बालोद थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके गांव में रहने वाला नितेश साहू से उसकी जान-पहचान थी। दोनों के बीच प्रेम हुआ और युवक ने प्रार्थीया को शादी के लिए अपने घरवालों को राजी करने की बात कहते हुए अपने घरवालों को भी राजी करने की बात कही थी। इसके बाद माह सितम्बर 2019 में जब पीड़िता के घर कोई नहीं था, तब पहली बार शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया। दूसरी बार आरोपी अपने घर में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। फिर 13 फरवरी 2020 को तीसरी बार शारीरिक संबंध बनाया। दिनांक 12.05.2020 को आरोपी ने पीड़िता के साथ शादी करने से इंकार कर दिया।

इस प्रकार आरोपी द्वारा पीड़िता को अनुसूचित जाति/जनजाति का होना जानते हुए उसके साथ लगातार कई बार शारीरिक संबंध स्थापित किया और शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ धारा 366, 376(2)(एन), 6 पॉक्सो एक्ट 3(2), एससी-एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## प्रेरणा विद्यालय में हुआ करियर काउंसिलिंग

# लक्ष्य तय कर सही दिशा में करें मेहनत मिलेगी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

कठिया ग्राम स्थित प्रेरणा विद्यालय में करियर काउंसलिंग का सेशन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर सूर्यकांत अग्रवाल, एनआईटी और जेईई सूर्य अभिनंदन ठाकुर, एल.एल.बी. हिदायतुल्ला यूनिवर्सिटी रायपुर, मल्लिकार्जुन प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट महाराजा अग्रसेन इंटरनेशन कॉलेज रायपुर, सम्यक जैन, आईटीआई कानपुर तथा कृष्णान कुमार मेनन, एचआर इन मैन्युफैक्चर शेल बेस्ड कंपनीज शामिल हुए। साथ-साथ प्रेरणा विद्यालय की प्रिंसिपल रीभा चौधरी, वाइस प्रिंसिपल पूनम कश्यप भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने सबसे पहले ऐम चुनने की बात कही और कहा जब हम अपना लक्ष्य चुन लेते हैं तो उसके हिसाब से हमारे इंटरेस्ट डेवलप होते जाते हैं।



आप अपना एक फील्ड चुन लेते हैं तो आप सही दिशा में मेहनत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 11वीं, 12वीं की पढ़ाई के लिए आपको ज्यादा एफर्ट करना पड़ता है। इंटरनेट स्कोर भी देखा जा सकता हैं, इसके लिए सही सोर्स का यूज करें। सूर्य अभिनंदन ने पहले बच्चों को उनके ऐम के बारे में पूछा वह क्या बनना चाहते हैं? उनके इंटरेस्ट के अकॉर्डिंग ही उन्हें प्रॉपर सब्जेक्ट लेने के लिए गाइड किया। मल्लिकार्जुन ने कॉमर्स के फील्ड में आगे पढ़ाई करने की बात कही तथा बिजनेस का एग्जांपल देते हुए उन्होंने कॉमर्स के इंपोर्टेंस को समझाया।

श्री जैन ने कहा कि कक्षा में आपके द्वारा सीखी गई विषय सामाजिक सामग्री को दैनिक जीवन तथा प्रकृति के नियमों के साथ जोड़ें या सहसंबंधित करें, इससे विजुलाइजेशन बनाने में मदद मिलती है, जो भविष्य में प्रश्नों को हल करने में मदद करती है। कृष्णन कुमार मेनन ने कंपनी में प्लेसमेंट के बारे में बताया तथा लॉजिकल रीजनिंग के क्वेश्चन पूछ कर बच्चों को लाइफ का असली मीनिंग समझाया। उन्होंने फैमिली को द यूनिट ऑफ लाइफ कहा और उन्होंने कहा कि सभी आदमी इंपॉर्टेंट होते हैं तथा वह किसी एक फील्ड में ही बेहतर कर सकते हैं।

